## एक नजर

# पुनर्वास विवि के 2 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के डायरेक्टर प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि बीटेक (सिविल) के 2 विद्यार्थियों सनोज कुमार यादव और यश सक्सेना का सीमेंट लिमिटेड उप्र. में एसोसिएट के पद पर 3 लाख के वार्षिक पैकेज पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ है।

# एमएसडब्ल्यू कोर्स में प्रवेश की काउंसिलिंग आज

## डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने मास्टर आफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) पाठ्यक्रम की मेरिट सूची जारी कर दी है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dsmnru.ac.in/ पर देख सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 21 व 23 सितंबर को सुबह 11 बजे से होगी। प्रवेश प्रभारी डा. अर्चना सिंह ने इसकी सूचना वेबसाइट पर जारी की है।

काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को एकेडमिक्स ब्लाक-ए 2 के द्वितीय तल पर स्थित कमरा नंबर 328 में सुबह 11 से दोपहर तीन बजे के बीच पहुंचना होगा। साफ कहा गया है कि अभिलेख सत्यापन के दौरान विसंगति पाए जाने पर मेरिट सूची में स्थान परिवर्तित किया जा सकता है।



### दो छात्रों का प्लेसमेंट

डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के दो छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। डायरेक्टर प्लेसमेंट बिराग दीक्षित ने बताया कि बी.टेक (सिविल) के छात्र सनोज कुमार यादव और यश सक्सेना का चयन श्री सीमेंट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश में एसोसिएट के पद पर तीन लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है।

एमए एजुकेशन में अभिलेख जमा करने का मौका : विश्वविद्यालय ने एम.ए एजुकेशन में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अभिलेख जमा करने का अंतिम अवसर दिया है। ऐसे अभ्यर्थी 21 सितंबर तक अपने प्रार्थना पत्र के साथ स्व प्रमाणित दस्तावेज (जो लगाना भूल गए हों) स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के कमरा नंबर 102 में जमा करा दें।

26 तक भरे जाएंगे वैक पेपर परीक्षा फार्म : विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर सत्र 2023-24 के बैक पेपर परीक्षा फार्म भरने की समय सारिणी जारी कर दी है। छात्र-छात्राओं को 26 सितंबर तक मौका दिया गया है। थ्योरी के लिए 500 प्रति प्रश्न पत्र, प्रयोगिक परीक्षा के लिए एक हजार रुपये प्रति प्रश्न पत्र व आंतरिक परीक्षा के लिए 500 प्रति प्रश्न पत्र शुल्क लगेगा। फार्म भरने के निर्देश वेबसाइट https://dsmru.up.nic.in/ पर जारी किए गए हैं।

एमकाम की मेरिट जारी, काउंसिलिंग कल से : विश्वविद्यालय ने एम.काम कोर्स में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी कर दी है। चयनित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 23 व 24 सितंबर को सुबह 11 बजे से होगी। एम.काम प्रवेश समिति के प्रभारी डा. पुष्पेंद्र मिश्रा ने मेरिट के साथ-साथ प्रतीक्षारत और अपूर्ण आवेदन वालों की सूची भी जारी की है। हालांकि अपूर्ण आवेदन फार्म वालों को 23 सितंबर तक अपने प्रपत्र पूरा करने का मौका दिया है।

वहीं, विश्वविद्यालय के एम.ए राजनीति शास्त्र कोर्स में प्रवेश के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आठ व नौ सितंबर को सभी अभिलेख आनलाइन अपलोड कर दिए हैं, उनकी काउंसिलिंग 23 सितंबर को होगी।

### नए रेगुलर शिक्षक भी वन सकेंगे सुपरवाइजर



लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यरत नए रेगुलर शिक्षक भी पीएच.डी कराने के लिए सुपरवाइजर बन सकेंगे। विश्वविद्यालय के पीएच.डी अध्यादेश में इन शिक्षकों को सुपरवाइजर बनाने को लेकर कोई मनाही नहीं है। फिर भी कई विभाग इन्हें परवीक्षा अवधि में होने की वजह से सुपरवाइजर नहीं बना रहे हैं। अब विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही अनुमति देने का नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी में है। लवि ने नए सत्र 2024-25 के पीएच.डी दाखिले को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। सभी कालेजों से शिक्षकों का विवरण एवं अंश एवं पूर्णकालिक पीएच.डी की खाली सीटों की सूचना 14 सितंबर तक मांगी गई थी, जिसे विभागों को विभागीय शोध समिति के माध्यम से 20 सितंबर तक कुलसचिव कार्यालय को देनी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार कुछ विभाग परवीक्षा अवधि में नए शिक्षकों को सुपरवाइजर नहीं बना रहे, जबकि अध्यादेश में कहीं भी इसका उल्लेख नहीं किया गया है। इसलिए विश्वविद्यालय उन्हें भी सुपरवाइजर बनने की अनुमति देने जा रहा है। ऐसे में अनुमति मिलने पर करीब सवा सवा सौ शिक्षक सुपरवाइजर बन सकेंगे।

# एमएसडब्ल्यू कोर्स में आज एडमिशन के लिए काउंसिलिंग

**LUCKNOW (20 SEP):** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने मास्टर आफ सोशल वर्क (एमएसडब्ल्यू) कोर्स की मेरिट सूची जारी कर दी है. स्टूडेंट्स विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dsmnru.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं. चयनित स्टूडेंट्स की काउंसिलिंग 21 व 23 सितंबर को सुबह 11 बजे से होगी. एडमिशन इंचार्ज डा. अर्चना सिंह ने इसकी सूचना वेबसाइट पर जारी की है.



**डॉ. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय ने जारी किया नोटिफिकेशन**

## कमरा नंबर 328 में

काउंसिलिंग के लिए स्टूडेंट्स को एकेडमिक्स ब्लाक-ए 2 के सेकंड फ्लोर कमरा नंबर 328 में सुबह 11 से दोपहर तीन बजे के बीच पहुंचना होगा. डाक्यूमेंट्स सत्यापन के दौरान विसंगति पाए जाने पर मेरिट सूची में स्थान परिवर्तित किया जा सकता है.

## डाक्यूमेंट्स जमा करें


विश्वविद्यालय ने एमए एजुकेशन में एडमिशन के लिए आवेदन करने वाले स्टूडेंट्स को डाक्यूमेंट्स जमा करने का अंतिम अवसर दिया है. ऐसे स्टूडेंट्स 21 सितंबर तक अपने प्रार्थना पत्र के साथ स्व प्रमाणित दस्तावेज (जो लगाना भूल गए हों) स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय के कमरा नंबर 102 में जमा करा दें. काउंसिलिंग के लिए आने वाले स्टूडेंट्स समय और स्थान का विशेष रूप से ध्यान रखें.

## 26 तक भरें बैक पेपर फार्म

विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर सत्र 2023-24 के बैक पेपर एग्जाम फार्म भरने की डेट जारी कर दी है. स्टूडेंट्स को 26 सितंबर तक मौका दिया गया है. थ्योरी के लिए 500 रुपये प्रति प्रश्न पत्र, प्रयोगिक परीक्षा के लिए एक हजार रुपये प्रति प्रश्न पत्र व आंतरिक परीक्षा के लिए 500 रुपये प्रति प्रश्न पत्र फीस लगेगा. फार्म भरने के विस्तृत निर्देश वेबसाइट https://dsmru.up.nic.in/ पर जारी किए गए हैं.

# नए रेगुलर शिक्षक भी बन सकेंगे सुपरवाइजर

**LUCKNOW (20 SEP):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में कार्यरत नए रेगुलर टीचर भी पीएचडी कराने के लिए सुपरवाइजर बन सकेंगे. यूनिवर्सिटी के पीएचडी अध्यादेश में इन टीचर्स को सुपरवाइजर बनाने को लेकर कोई मनाही नहीं है. फिर भी कई विभाग इन्हें परवीक्षा अवधि में होने की वजह से सुपरवाइजर नहीं बना रहे हैं. अब यूनिवर्सिटी प्रशासन जल्द ही अनुमति देने का नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी में है.



**एलयू में नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी**

## तैयारियां पूरी की गईं

एलयू ने नए सत्र 2024-25 के पीएचडी एडमिशन को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. सभी कालेजों से शिक्षकों का विवरण एवं अंश एवं पूर्णकालिक पीएचडी की खाली सीटों की सूचना 14 सितंबर तक मांगी गई थी, जिसे विभागों को विभागीय शोध समिति के माध्यम से 20 सितंबर तक कुलसचिव कार्यालय को देनी है.

## अध्यादेश में उल्लेख नहीं

यूनिवर्सिटी प्रशासन के अनुसार कुछ विभाग परवीक्षा अवधि में नए शिक्षकों को सुपरवाइजर नही बना रहे, जबकि अध्यादेश में कही भी इसका उल्लेख नही किया गया है. इसलिए यूनिवर्सिटी उन्हें भी सुपरवाइजर बनने की अनुमति देने जा रहा है. ऐसे में अनुमति मिलने पर करीब सवा सवा सौ टीचर सुपरवाइजर बन सकेंगे.